**मुख्य समाचार :–**

- देहरादून–टनकपुर एक्सप्रेस अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा स्वीकृति पत्र।
- प्रदेश में महिला अपराधों में 12 प्रतिशत की गिरावट। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा– महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त हुई हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनहित और सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए 28 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की योजनाओं को मंजूरी दी।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक की।

**रेल संचालन मंजूरी**

रेल मंत्रालय ने देहरादून–टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन संचालित किए जाने की स्वीकृति दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे गए पत्र में इसकी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय प्रदेशवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी सौगात है। देहरादून से कुमाऊं क्षेत्र के यात्रियों को अब अधिक सुगम और नियमित रेल सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से कुमाऊं और गढ़वाल के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने कुछ माह पूर्व रेल मंत्री को पत्र लिखकर देहरादून–टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवा आवृत्ति बढ़ाने का अनुरोध किया था।

**महिला सशक्तीकरण**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध में 12 प्रतिशत की कमी आई है। महिला अपराध में हत्या के मामलों में वर्ष 2024 में 2023 की तुलना में एक दशमलव 7–5 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि राज्य अपने 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। ऐसे में प्रदेश की महिला हर क्षेत्र में सशक्त हुई है। आयोग ने महिलाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक नीति तैयार की है, जिसको आने वाले समय में जल्द ही लागू किया जाएगा।

**दून अस्पताल**

राजधानी देहरादून के दून अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए अब अल्ट्रासाउंड सेवाएं और अधिक सुचारू कर दी गई हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, जिससे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा था। रेडियोलॉजिस्ट की कमी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने अल्ट्रासाउंड का काम देख रही संस्था को डॉक्टर की तैनाती के सख्त निर्देश दिए थे। अब संस्था ने एक नए डॉक्टर की तैनाती कर दी है, जिससे अल्ट्रासाउंड विभाग में तीन रेडियोलॉजिस्ट काम कर रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.एस. बिष्ट ने बताया कि अब तीन रेडियोलॉजिस्ट अलग–अलग पालियों में कार्य करेंगे, जिससे रात नौ बजे तक मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी के प्रथम तल पर ही बिलिंग और पंजीकरण काउंटर भी शुरू कर दिया है। यहीं पर अल्ट्रासाउंड कक्ष होने से गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को अब लंबी लाइनों और मंज़िलों के चक्कर से राहत मिली है।

## धनराशि मंजूरी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनहित और सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए 28 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत देहरादून में झाझरा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों के प्रतिस्थापन और मेहलगांव चौक तक पुनर्निर्माण कार्य और पित्थुवाला शाखा के श्रद्धा व प्रियदर्शिनी एन्क्लेव में एस.टी.पी. और नेटवर्क निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है। नैनीताल जिले के गौलापार क्षेत्र में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा के लिये बाढ़ सुरक्षा कार्य के पहले चरण के लिए धनराशि जारी की गई। इसके अलावा, राज्य आपदा मोचन निधि से चम्पावत, ऊधमसिंह नगर, टिहरी गढ़वाल और देहरादून सहित विभिन्न जिलों को अनुदान स्वीकृत किया गया। राष्ट्रीय भूकंप जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार कर केंद्र सरकार को भेजे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश के विकास की धारा हर गांव और घर तक पहुंचे, यही सरकार का लक्ष्य है। नागरिकों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और आपदा प्रबंधन को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और त्वरित क्रियान्वयन के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

## जिलाधिकारी बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की ओर से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रचार–प्रसार के सभी माध्यमों जैसे ब्रोशर, पोस्टर, वॉल पेंटिंग, जन–जागरुकता शिविर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने अंबेडकर छात्रावास पौड़ी की स्थिति की जानकारी ली और छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को और पारदर्शी व सरल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर छात्रवृत्ति सभी को समय पर मिले, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की गई और उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई।

## गौचर मेला

चमोली जिले में सात दिवसीय 73वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला आगामी 14 नवम्बर से शुरू होगा। जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गोपेश्वर में आयोजित गौचर मेले की तैयारी बैठक में मेले को भव्य और सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले को भव्य बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले में स्किल इंडिया योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने के लिए विशेष स्टॉल स्थापित किए जाएगे।

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत हेली इलेक्ट्रिल लिमिटेड– बी.एच.ई.एल, हरिद्वार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष के सतर्कता जागरुकता सप्ताह की विषय वस्तु "सतर्कता– हमारी साझा जिम्मेदारी" है। इस उपलक्ष्य में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, एक साइकिल रैली– 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक और प्रमुख रंजन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। मुख्य प्रशासनिक भवन से प्रारम्भ होकर यह रैली, हरिद्वार के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मुख्य प्रशासनिक भवन पर आकर समाप्त हुई।

## सड़क मरम्मत

रुद्रप्रयाग जिले के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड में मानसून के बाद पैच मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडे ने बताया कि इस खण्ड के तहत 80 किलोमीटर पैच मरम्मत का कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गौरीकुंड राजमार्ग, विजयनगर गधेरा, पुराना देवल, गंगानगर और काकड़ागाड़ के समीप प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि अन्य स्थानों पर भी पैच मरम्मत कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा कर दिया जाएगा।